दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका    संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916    सह संपादक - दद्दा ललौनी

वर्ष 12 | अंक 329 | छतरपुर, रविवार 30 जून 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

## बस से उतरकर सड़क पार कर रही माँ की ट्रक की टक्कर से दर्दनाक मौत, बेटी बाल-बाल बची



नौगांव। बस से उतरकर रोड़ पार कर रही मां को ट्रैक ने जोरदार टक्कर मार कर मौके से भाग निकला। इस हादसे में मां की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई तो वहीं बेटी बाल बाल बची। सड़क पर खून से लथपथ हालात में पड़ी महिला को 108 एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच कर महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा बनाते हुए पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों के हवाले कर जॉच शुरू की है। वहीं एक्सीडेंट करने वाले ट्रक की भी तलाश की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार शहर के वार्ड नम्बर 16 दुर्गा कालोनी में रहने वाले जगदीश तिवारी की 45 वर्षीय पत्नी शीला तिवारी और पुत्री मिनी तिवारी अपने घर जाने के लिए शुक्रवार की सुबह 10 बजे के लगभग नौगांव बस स्टैण्ड से दूल्हा बाबा मन्दिर के पास जाने के लिए बस की पीछे वाली सीट पर बैठ गई और जैसे ही दूल्हा बाबा मन्दिर आया वैसे ही बस के पीछे वाले गेट से उतरकर घर जाने के लिए दोनों मां-बेटी सड़क पार करने लगीं तभी छतरपुर की ओर से आ रहे एक ट्रक ने शीला तिवारी को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से भाग निकला। गनीमत रही की शीला तिवारी की बेटी मिनी तिवारी सड़क पार कर चुकी थी जिस कारण वह बाल बाल बच गई और इस हादसे में शीला तिवारी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। खून से लथपथ हालत में शीला तिवारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां डाक्टरों ने जांच कर शीला को मृत घोषित कर दिया।

***मोटरसाइकिल से लौट रहे थे पति, पत्नि और बेटी***

बताया गया है कि राजा पेट्रोल पंप पर मुनीम का काम करने वाले जगदीश तिवारी अपनी पत्नि शीला तिवारी और पुत्री मिनी तिवारी के साथ मोटर साइकिल पर सवार होकर टीकमगढ़ जिला पलेरा के पास खजरी गांव से नौगांव लौट रहे थे तभी टोल प्लाजा से अपनी पत्नि शीला और बेटी मिनी तिवारी को बस में बैठा दिया और कहा हमें ऑफिस जाना है आप लोग घर चले जाना और मां बेटी नौगांव बस स्टैड से बस में बैठकर घर जा रही थी तभी सड़क पार करते समय दूल्हा बाबा मंदिर के पास हादसा हो गया जिस कारण जगदीश तिवारी की पत्नि शीला तिवारी की मौत हो गई जिसकी जानकारी लगते ही राजा और पेट्रोल पंप के कर्मी भी अस्पताल पहुंच गए।

## नवीन अपराधिक नियम को लेकर एएसपी ने दिया जनसंदेश

छतरपुर! देश में चल रहे मेजर क्रिमिनल लॉ जैसे भारतीय दंड संहिता एवं दंड प्रक्रिया संहिता के स्थान पर न्यू क्रिमिनल लॉ लागू हो रहे हैं। भारतीय दंड संहिता जो वर्ष 1860 में लागू हुआ था, के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता दिनांक 1 जुलाई 2024 से लागू होगी, धारा 106 को छोड़कर सभी धाराएं लागू की जा रही हैं।

न्यू क्रिमिनल लॉ के लागू करने का एक कारण यह है कि पुराने क्रिमिनल लॉ दंड पर आधारित थे, जबकि नवीन अपराधिक नियम न्याय के आधार पर बनाए हैं। इसका उद्देश्य यह है कि पीड़ित को न्याय समय पर मिले। भारतीय दंड संहिता को देखें तो इसमें भारतीय न्याय संहिता में तुलनात्मक तौर पर कई धाराएं भी जोड़ी गई हैं। कुछ धाराएं निरस्त भी की गई है कारावास की अवधि, जुर्माना भी बढ़ाई गई है। नई चीज़ इसमें है यह है कि इसमें सामुदायिक सेवा भी जोड़ी गयी है। महिला एवं बालक संबंधित अपराध जोड़े गए हैं। दंड प्रक्रिया संहिता के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता लागू की जा रही है। अपराधों को टाइमलाइन दी गई है, धाराओं को जोड़ा एवं हटाया गया है गवाहों की सुरक्षा एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को जोड़ा गया है। ऑडियो, वीडियो, विजुअल सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को किस तरह से प्रस्तुत करना है उल्लेख है। समंस वारंट को नए तरीके से परिभाषित किया गया है।



इसी तरह इंडियन एविडेंस एक्ट के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम बनाया गया है। नए युग में जो डिजिटलाइजेशन हो रहा है, इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस की बात हो रही है, तकनीकी प्रगति हुई है, इस संबंध में भारतीय साक्ष्य अधिनियम में समावेश किया है। संपूर्ण देश में दिनांक 1 जुलाई 2024 से नवीन अपराधिक नियम के तीन अधिनियम लागू होंगे, अपराधिक न्याय व्यवस्था सक्रिय रहेगी, पीड़ित को न्याय मिलेगा, इस हेतु संबंधित सभी कार्यालय एवं अधिकारियों को प्रशिक्षित एवं उपकरण अपडेट किए गए हैं। छतरपुर पुलिस द्वारा नवीन अपराधिक नियम संबंधी जानकारी के लिए जनसंदेश जारी किया गया है।

## दरगुवां पटवारी की मारपीट को लेकर 6 ग्रामीणों पर अपराध कायम

### पटवारियों में आक्रोश और की गिरफ्तारी की मांग

**विनोद कुमार जैन**

***परिहार गर्जना न्यूज। बकस्वाहा। तहसील अंतर्गत दरगुवां में पदस्थ पटवारी द्वारा ग्राम क्रायला में सीमांकन करने के दौरान ग्रामीणों द्वारा मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने और रिकॉर्ड फाड़कर क्षति पहुंचाने पर पटवारी की रिपोर्ट पर बाजना पुलिस ने 6 ग्रामीण कृषकों पर भादवि की धारा 353, 332, 294, 506, 34 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।***

घटना के संबंध में बताया जाता है कि पटवारी हल्का क्रमांक 2 दरगुवां में पदस्थ पटवारी सुरेश कुमार यादव अपने हल्का अंतर्गत ग्राम क्रायला में तहसीलदार के आदेश पर कृषक बल्लूबाई अहिरवार की भूमि का सीमांकन करते समय गांव के ही आरोपी बलदेव यादव, जगदीश यादव, लक्ष्मण यादव, मुकेश यादव, अभद्र गाली गलोज करते हुए पहुंचे और पटवारी से कहा तूने हमारी जमीन का गलत सीमांकन कर दिया है और मारपीट करने लगे, उसी समय राहुल यादव व भूरे यादव भी पहुंच गए जिन्होंने भी गाली गलौज कर बस्ता छीननें का प्रयास किया और शासकीय दस्तावेज खसरा को फाड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। मौके पर कई लोगों ने बीच बचाव कर पटवारी को मौका से वापिस पहुंचाते समय इन आरोपियों ने धमकाते हुए कहा कि अब गांव में आए तो जान से मार देंगे। कुछ दिन पूर्व भी कुछ ग्रामों में पटवारियों के साथ ग्रामीणों द्वारा गाली गलौज कर अप्रिय घटनाओं की चर्चाओं का जोर बना हुआ था इसी बीच फिर इस घटना को लेकर राजस्व विभाग के पटवारियों में आक्रोश बना हुआ है। पटवारी संघ ने मांग की है कि इन आरोपियों को अबिलंब गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाए।

## उधरी न देने पर दो युवकों द्वारा दुकानदार पर चाकू से जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

छतरपुर। मातगुवां थाना क्षेत्र के ग्राम रनगुवां में एक दुकानदार द्वारा जब दो युवकों की उधारी नहीं की गई तो गुस्से में आकर युवकों ने दुकानदार पर चाकू से हमला कर दिया, बाद में दुकानदार को मरणासन्न अवस्था में छोड़कर दोनों आरोपी मौके से भाग गए। परिजन घायल को लेकर मातगुवां थाना गए जहां शिकायत लेने के बाद पुलिस घायल को जिला अस्पताल लेकर आई, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। रनगुवां निवासी राजेश राजपूत ने बताया कि उसका चचेरा भाई संतोष राजपूत गांव में किराना दुकान संचालित करता है। शुक्रवार की रात को गांव का पृथ्वी राजपूत और बाबू राजपूत दुकान पर आए उधारी पर सामान मांगा। जब संतोष ने उधारी करने से मना किया तो दोनों ने मिलकर संतोष को पीटना शुरू कर दिया, मारपीट के बाद आरोपियों ने संतोष पर चाकू से वार कर दिया जिस कारण से वह बुरी तरह घायल हो गया। जब संतोष बेहोश हो गया तो आरोपी उसे मरा हुआ समझकर मौके से भाग निकले। जैसे ही परिजनों को घटना की जानकारी लगी वे तुरंत संतोष को घायल अवस्था में मातगुवां थाना ले गए। पुलिस ने शिकायत लेने के बाद अपने वाहन से घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज किया जा रहा है।



***हत्या के प्रयास का मामला दर्ज, आरोपी गिरफ्तार***

घटना की रिपोर्ट दर्ज किए जाने के बाद मातगुवां पुलिस ने दोनों आारोपियों के विरूद्ध हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया और महज कुछ घंटों के भीतर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी उप निरीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में से एक बाबू राजपूत के विरूद्ध दो हत्या सहित हत्या के प्रयास, चोरी, अवैध हथियार संबंधी 5 अपराध पूर्व से दर्ज हैं।

## संपादकीय

# आलसी पीढ़ी

प्रतिष्ठित लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की वह हालिया रिपोर्ट आईना दिखाने वाली है जिसमें पचास फीसदी भारतीयों के शारीरिक श्रम न करने का उल्लेख है। यहां शारीरिक श्रम से अभिप्राय सप्ताह में मध्यम गति की ढाई घंटे की शारीरिक गतिविधि या सवा घंटे की तीव्र गति वाली शारीरिक सक्रियता से है। शारीरिक सक्रियता को पैदल चलने, व्यायाम, सैर, योग, दौड़, जिम या तैराकी आदि के रूप में परिभाषित कर सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार जहां पचास फीसदी वयस्क भारतीय शारीरिक श्रम से दूर हैं तो महिलाओं की स्थिति ज्यादा चिंता बढ़ाने वाली है। उनकी निष्क्रियता का प्रतिशत 57 है। वैसे अकेले पुरुषों की निष्क्रियता का प्रतिशत 42 है। विडंबना यह है कि जैसे-जैसे समाज में शहरीकरण के चलते उपभोक्तावाद का विस्तार हुआ है, हमारी शारीरिक निष्क्रियता में इजाफा हुआ है। हम आरामदायक जीवन-शैली के आदी होते गये हैं। आशंका है कि वर्ष 2000 में भारतीयों में जो शारीरिक निष्क्रियता 22 फीसदी थी, वह वर्ष 2030 तक बढ़कर साठ फीसदी तक हो सकती है। यानी देश की साठ फीसदी आबादी गैर-संचारी रोगों मसलन डायबिटीज और हृदय रोगों के खतरे के दायरे में आ जाएगी। यहां उल्लेखनीय है कि भारतीयों में अनुवांशिक रूप से मधुमेह व हृदय रोग होने की आशंका अन्यों के मुकाबले कहीं ज्यादा है। जिसका निष्कर्ष है कि शारीरिक रूप से निष्क्रिय रहने से हम इन बीमारियों को और जल्द आमंत्रित कर रहे हैं। चिंता की बात यह भी है कि जहां दुनिया में औसत शारीरिक निष्क्रियता पांच फीसदी बढ़कर 31 फीसदी हुई है, वहीं भारत में बढ़कर पचास फीसदी हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित शोधकर्ताओं का मानना है कि भारत एशिया प्रशांत में उच्च आय वर्ग वाले देशों में निष्क्रियता के क्रम में दूसरे स्थान पर है। जहां तक महिलाओं की शारीरिक निष्क्रियता का प्रतिशत पुरुषों से अधिक यानी 57 फीसदी होने का प्रश्न है, तो उसके मूल में भारतीय पारिवारिक संरचना व सांस्कृतिक कारण भी हैं। घर-परिवार संभालने वाली महिलाओं में धारणा है कि घर का काम-काज ही शारीरिक सक्रियता का मापदंड है। जबकि यह समस्या की व्यावहारिक व्याख्या नहीं है। निस्संदेह, लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की हालिया रिपोर्ट आंख खोलने वाली है। यह जानते हुए भी कि भारत लगातार मधुमेह और हृदय रोगों की राजधानी बनने की ओर अग्रसर है। दरअसल, आजादी के बाद देश में आर्थिक विकास को गति मिली है। भले ही हम अपेक्षित लक्ष्य हासिल न कर पाए हों, औसत भारतीय के जीवन स्तर में सुधार जरूर आया है। आर्थिक समृद्धि ने हमें सुविधाभोगी बनाया है। इस संकट की वजह शहरीकरण और जीवन के लिये जरूरी सुविधाओं का घर के आस-पास उपलब्ध हो जाना भी है। पहले देश की साठ फीसदी से अधिक आबादी कृषि व उससे जुड़े कार्यों में सक्रिय थी। मेहनतकश किसान को कोई शारीरिक श्रम करने की जरूरत नहीं थी । लेकिन धीरे-धीरे कृषि में भी आधुनिक यंत्रों व तकनीकों ने शारीरिक श्रम की महत्ता को कम किया है। किसान संस्कृति से बड़ी संख्या में निकले लोगों ने शहरों को अपना ठिकाना बनाया, लेकिन वे शारीरिक सक्रियता को बरकरार नहीं रख पाये। नौ से पांच की ड्यूटी करने वाले भी दफ्तर व घर के होकर रह गये। कहीं न कहीं सुविधाओं के विस्तार ने भी हमें आलसी बनाया। कुछ दूर पर सब्जी-फल लेने जाने पर भी हम वाहनों का इस्तेमाल करते हैं। ऐसा भी नहीं है कि शहरों में स्वास्थ्य चेतना का विकास नहीं हुआ, लेकिन इसके बावजूद शहरों के पार्कों में सुबह गिने-चुने लोग ही नजर आते हैं। विडंबना यह है कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रसार और उसके बाद सोशल मीडिया की जकड़ में आने के बाद लोग देर रात सोने व देर से उठने के फेर में फंस गये हैं। सुबह के समय, जब लोगों को व्यायाम, सैर, योग व दौड़ लगानी चाहिए, वे सो रहे होते हैं। शरीर की प्राकृतिक घड़ी का चक्र बिगड़ने से दिन भर आलस्य बना रहता है। आज लोग कुछ न करने के बावजूद बहुत व्यस्त रहते हैं। लोग यदि अपने लिये रोज आधा घंटा भी निकाल सकें तो स्वस्थ रहने का मंत्र हासिल कर सकते हैं। यह हमारी आदत का हिस्सा बन जाना चाहिए।

# ट्रेन पूछने की बात को लेकर जमकर बहस हो गई

### ट्रेन मैनेजर और डिटेल क्लर्क के बीच बहस मैनेजर ने लगाया मारपीट का आरोप, जीआरपी ने अपराध पंजीवाद किया गया

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/बीना रेलवे जंक्शन पर शुक्रवार को एक ट्रेन मैनेजर और डिटेल क्लर्क के बीच ट्रेन पूछने की बात को लेकर जमकर बहस हो गई। ट्रेन मैनेजर ने क्लर्क पर मारपीट का प्रयास करने का आरोप लगाया। ट्रेन मैनेजर ने कार्रवाई की मांग को लेकर जीआरपी थाने में आवेदन दिया है।

***ट्रेन पूछने की बात को लेकर हुआ विवाद***

जीआरपी थाना प्रभारी बबीता कठेरिया ने बताया कि इटारसी डिपो के ट्रेन मैनेजर सतीश बकोरिया गुड्स ट्रेन लेकर बीना आए हुए थे। बीना से वापस इटारसी तक गुड्स ट्रेन ले जाने के लिए उनकी ड्यूटी लगी हुई थी। वह ट्रेन की लोकेशन लेने लॉबी में डिटेल क्लर्क वीरेंद्र राय के पास पहुंचे। उन्होंने पूछा कि मेरी ट्रेन कब तक आ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी बात पर क्लर्क भड़क गए और अभद्र भाषा में बात करने लगे। धक्का मुक्की एवं जूते से मारने के लिए पीछे से दौड़े जिस पर अपराध धारा223, 294 506 अपराध पंजीबद्ध किया गया  ट्रेन मैनेजर ने ऑल इंडिया गार्ड काउंसिल के अधिकारियों को घटना के बारे में बताया। गार्ड की शिकायत पर काउंसिल ने इसकी शिकायत सीनियर डीओएम से की है। वहीं वीरेन्द्र राय ने बताया कि ट्रेन मैनेजर ने ट्रेन आने के बारे में पूछा था। उन्हें बता दिया गया था कि एक मालगाडी आने के बाद ही वह फिर से आ गए और वही बात पूछने लगे और तेज आवाज में बात करने लगे। मामले की जांच करा ली जाए कि किसने अभद्रता शुरू की थी। जो भी आरोप लगाए है वह सभी निराधार है।

# अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान, 24 घण्टे सप्लाई देने के बावजूद कई घण्टों की जा रही है कटौती



**राजाराम साहू**

परिहार गर्जना न्यूज। घुवारा//घुवारा विधुत केंद्र पर लगातार अघोषित बिजली कटौती की जा रही जिससे उपभोक्ता भीषण गर्मी में परेशान हो रहे है जबकि शासन के नियमानुसार नगरीय क्षेत्र में 24 उपभोक्ताओं को बिजली उपलब्ध हो सके लेकिन घुवारा विधुत केंद्र के नगरीय क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता लगातार भीषण चिपचिपी गर्मी से परेशान हो रहे है साथ छोटे छोटे बच्चे इस गर्मी पूरी नींद नही ले पा रहे है।

नगरीय क्षेत्र घुवारा में सुवह 9 बजे से 11बजे तक बिजली काट दी जाती है इसके बाद शाम 5 बजे से 7 बजे तक कि कटौती की जा रही है इसी में थोड़ी से बादलों की गड़गड़ाहट सुनकर विधुत सफ्लाई बंद कर दी जाती है। रात्रि के दौरान दो दो चार चार घण्टों के लिए बिजली बंद हो जाती है जिससे नगर के उपभोक्ता सड़को पर अपना समय गुजारते है। इस समय वारिस का समय है लगातार सड़को पर कीड़े मकुड़े घूमते है और मजबूरन गर्मी के चलते लोगों एवं बच्चों एवं महिलाओं के साथ सड़को पर घूमना पड़ता है। इस सप्ताह लगातार 12 बजे के बाद ही बिजली मिल रही है और कटौती की जा रही है।

***इनका कहना***

वारिस का समय है कभी कभी लाइनों में समस्या हो जाने के कारण सफ्लाई को बंद करना पड़ता है विधुत केंद्र घुवारा में कम कर्मचारी होने से भी समस्या हो रही है जल्द इस समस्या का निराकरण कर लिया जाएगा हम जल्द कटौती में सुधार कराते है।

***शरद दुवे कनिष्ठ अभियंता प्रभारी***
***विधुत केंद्र घुवारा***

# बीना के विकास के लिए हर संभव प्रयास करूंगी-डॉक्टर श्रीमती लता वानखेड़े

**-क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए मैं आपको अवगत कराता रहूंगा,पूर्व महेश राय विधायक**

**-सागर लोकसभा से नव निर्वाचित सांसद डॉक्टर श्रीमती लता वानखेड़े का हुआ भव्य स्वागत**







परिहार गर्जना न्यूज। बीना ।शनिवार को पूर्व विधायक महेश राय के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सागर लोकसभा से नवनिर्वाचित डॉक्टर श्रीमती लता वानखेड़े का ढोल नगाड़े एवं आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत अटल मंच सर्वोदय चौराहा पर किया। इस अवसर सांसद डॉक्टर श्रीमती लता वानखेड़े का पूर्व विधायक महेश राय ने शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया साथ ही पूर्व जिला महामंत्री संजय बापट ने मिठाई खिलाकर खुशियां जाहिर की ।उपस्थित भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं ने सांसद को पुष्प गुच्छ भेंटकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही मिठाइयां बांटकर खुशियां मनाई गई। इस अवसर पर नवनिर्वाचित सांसद श्रीमती लता वानखेड़े ने कहा बीना के विकास के लिए हर संभव प्रयास करूंगी। क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करूंगी। बीना विधानसभा से प्रचंड बहुमत से मुझे जीत दिलाई है जिसके लिए मैं बीना विधानसभा की जनता का हमेशा ध्यान रखूंगी। साथ साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देती हूं जिनकी मेहनत रंग लाई है और मुझे सांसद बनाया है। जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सागर में सांसद कार्यालय भी खोला जा रहा है ।साथ ही पूर्व विधायक महेश राय ने कहा क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए मैं आपको अवगत कराता रहूंगा। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती उषा राय नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती लता सकवार भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती ज्योति दुबे पूर्व जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती प्रीति नायक शासकीय कन्या महाविद्यालय जन भागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती सोनाली राय पूर्व पार्षद सुनीता राय ज्योति सराफ लक्ष्मी सराफ शशि सोनकर अंजना कुमारी जनपद उपाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह ठाकुर शिवकुमार ठाकुर शिवराज सिंह ठाकुर दादा भाई करोड़ीलाल पहलवान राजेंद्र दुबे सुरेंद्र सिंह राजपूत संतोष सिंह ठाकुर भूपेंद्र सिंह ठाकुर नत्थू यादव लक्ष्मी पटेल शिवकेश सचान तिलक सिंह ठाकुर विनोद पुरोहित चीनू काशिफ राकेश वर्मा राकेश सेन गोविंद तिवारी सौरभ आचबल राजू अरोरा प्रेम नारायण रैकवार राजेश राय रतन सिंह यादव पूरन सिंह रघुवंशी रमेश चंद्र जैन जॉनी चाचा राजेंद्र यादव पुरा विश्वनाथ सिंह ठाकुर बलराम राय दिनेश अवस्थी मंजू अहिरवार सत्येंद्र राजा बुंदेला जेपी खरे अजय पटेल राजीव पेंडसे संदीप तिवारी बलराम बुंदेला लखन सोनकर आशीष अग्निहोत्री राहुल समैया रमेश जैन त्रिलोचन सिंह अरोरा संजय सिंह ठाकुर जितेंद्र बोहरे विकास राजपूत गौरीशंकर राय कैलाश कुशवाहा प्रहलाद यादव नवीन साहू भूपेन्द्र राय जितेंद्र राय अजय अजमेरी सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# छोटी-छोटी मछलियों को पकड़ कर आबकारी विभाग थपथपा रहा अपनी पीठ , विभाग का सुस्त रवैया





**नईम मकरानी**

परिहार गर्जना न्यूज। सागर।अवैध शराब के विनिर्माण, संग्रहण व विक्रय के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत् कलेक्टर दीपक आर्य के निर्देश के बावजुत सहायक आयुक्त आबकारी दीपक अवस्थी' का सुस्त रवैया शहर से लेकर गांव तक अवैध शराब की बिक्री को रोक पाने में नाकाम दिख रहा है नरयावली विधायक प्रदीप लारिया द्वारा भी अपने क्षेत्र में बिक रही अवैध शराब को लेकर लगातर पुलिस अधीक्षक को लगातार पत्र लिखकर इस पर रोक लगाने की मांग की गई मगर इस पर भी कोई प्रभावी कार्यवाही हो ऐसा कही नही दिख रहा है ऐसे में जनता के बीच जरुर एक सावाल सुनाई दे रहा है की जब विधायक की नही सुनी जा रही तो हमारी कहा सुनी जाएगी। पूरे जिले में अवैद्य शराब की बिक्री धड़ल्ले से जारी है और आबकारी विभाग कुंभकर्णी नींद में सोया रहता है , जब विधायक जैसे लोग इस पर ऐतराज जताते है तब विभाग के व्रत प्रभारी सहित छोटा अमला छोटी मोटी पकड़ा धकड़ी करके के आला अधिकारी के निर्देशन में कुछेक मामले दर्ज करके इतिश्री कर लेते हैं इससे इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है की इस सागर में प्रशासन की नाक के नीचे कितनी शराब कहा कहा नही बेची जाती होगी क्या ? बिना आबकारी की जानकारी के बिना क्या इतनी अभी शराब कितना संभव है यह सवाल जनता के जेहन में उठ रहा है आज जब सहायक अप दीपक अवस्थी जी से फोन पर बात की गई उनका कहना था कि इस बात कि मुझे जानकारी नहीं है यह सब इंस्पेक्टर ही आपको जानकारी दे पाएंगे यह मामला अभी मुझे नहीं मालूम ऐसे में यह कहना प्रशासन द्वारा दी गया प्रेस नोट क्या एक झूठ है इस पर भी कई पेचीदा सवाल खड़े हो रहे हैं इस मामले में जब सब इंस्पेक्टर जी से बात की गई उनका कहना था कि यह कर मामले बनाए गए हैं इनकी डिटेल आपको भेज दी गई है इसके अलावा 16 मामले पूरे माह जून में बनाए गए इस तरीके की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी जिसमें वृत्त – आंतरिक विधानसभा – सुरखी रेड संख्या– 5 एवं प्रकरण 4 पंजीबद्ध किये गये हैं।

इनमें आशीष स्थान – नितिन ढाबा से जप्ती – 22 पाव मसाला मदिरा B.L. – 3.96bl कीमत – लगभग 2200 ? ,शुभम तिवारी स्थान– गुप्ता ढाबा ,जप्ती – 28 पाव प्लेन मदिरा BL- 5.04 bl,कीमत – 1960? ,जगदीश लोधी स्थान – किराना दुकान खेजरा बाग जप्ती – 35 सागर गोल्ड, 04 बीयर ,B.L.– 6.3bl कीमत – लगभग 3850 ?(सागर गोल्ड), लगभग 680? (बीयर),सत्यवती लोधी,स्थान – रिहायशी मकान ग्राम– बेंटा,जप्ती – 12 बीयर (लेमाउंट),B.L. – 7.8 bl,कीमत – लगभग 2040 ? गोपाल प्रसाद कोरी,स्थान– रिहायशी मकान राहतगढ़ शामिल है। उक्त कार्यवाही व्रत प्रभारी डी.के. सिंह के द्वारा की गई। कार्यवाही के दौरान आबकारी आरक्षक रूप किशोर मिश्रा, प्रमोद दुबे, संगीता गुर्जर, पुष्पा झरिया, राजकमल सिंह, सतीश सिंह एवं होमगार्ड अकरम साथ में उपस्थित रहे।

# युवक पर किया कट्टे से फायर

## हमले में बाल-बाल बचा युवक, खिमलासा गेट स्थित अंडरब्रिज की घटना

**राजेश बबेले**

***परिहार गर्जना न्यूज। बीना/ युवक पर किया कट्टे से फायर युवक बचा बाल बाल मिली जानकारी के अनुसार खिमलासा रेलवे फाटक के पास स्थित अंडर ब्रिज से निकल रहे एक युवक के ऊपर एक आरोपी ने कट्टे से फायर कर जानलेवा हमला कर दिया। गनीमत रही कि युवक हमले में वह बाल-बाल बच गया।***

मिली जानकारी के अनुसार अमन पिता सुरेश अहिरवार (20) निवासी जवाहर वार्ड के ऊपर जिला बदर का मामला कोर्ट में चल रहा है। जिसकी पेशी करने शुक्रवार को वह बाइक से अपने दोस्त यश अहिरवार के साथ कोर्ट गया था। जहां से वह वापस लौटने के दौरान खिमलासा रेलवे गेट के पास स्थित अंडर ब्रिज पर उसे डब्बू उर्फ रोहन सेन निवासी बिलगैंया वार्ड मिला।






जिसने पुरानी रंजिश के चलते देसी कट्टा निकालकर फायर कर दिया। युवक को फायर करते देख अमन वहां से हट गया, नहीं तो उसे गोली लग सकती थी। जब अमन वहां से भागने लगा तो बाइक से अभिषेक अहिरवार निवासी भीम वार्ड एक अन्य युवक के साथ आया और रास्ता रोकने लगा, जहां से वह जान बचाकर घर पहुंचा और अपनी मां के साथ थाने पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज की।

***आरोपी की तलाश की जा रही है***

फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 307 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

***बीना थाना प्रभारी विजय राजपूत***

### प्रकृति को बचाने महिलाओं की अनूठी पहल

# वृक्षारोपण कर वृक्षों को बचाने का लिया संकल्प

## केसरिया रॉयल राजपूत एवं जवाहरलाल नेहरू अकैडमी ने पहल कर वृक्षारोपण करने का लिया संकल्प

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। केसरिया रॉयल राजपूताना एवं जवाहर लाल नेहरू पुलिस ट्रेनिंग अकैडमी द्वारा डीएसपी हिमाशु मिश्राजी जी के विशेष सहयोग से दादा दरबार परिसर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया , केसरिया राजपूताना द्वारा आम , अमरूद , नीम , पीपल समेत कई फलदार वृक्ष लगाये गये एवं मेडिकल ऑफिसर ( आयुष ) पारुल सिंह सारस्वत के द्वारा विभिन्न आयुर्वेदिक दवाइयों का वितरण किया गया जो बारिश संबंधित बीमारियों से बचाती हैं कार्यक्रम का संयोजन प्रीति सिंह द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंशु सिंह , अनुपमा राजपूत , श्रद्धा ठाकुर , ऋतु ठाकुर , नेहा सोलंकी , अंकिता गौर निरूपमा गौर पारुल सिंह सारस्वत सेवक केसरिया राजपूताना के सदस्य , जेनपीए के अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए।



# आचार्य श्री का मुनि दीक्षा दिवस भाग्योदय में मनाया जाएगा आज

परिहार गर्जना न्यूज। सागर/ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य आचार्य श्री समयसागर महाराज के आशीर्वाद से मुनि श्री निष्पक्षसागर महाराज के ससंघ सानिध्य में 30 जून रविवार को आचार्य श्री विद्यासागर महाराज का 57 वां मुनि दीक्षा दिवस भाग्योदय तीर्थ के मुख्य पांडाल में मनाया जाएगा। मुनि सेवा समिति के सदस्य मुकेश जैन ढाना ने बताया कि सुबह 8 बजे से आचार्य श्री की महापूजन होगी। उसके पश्चात् मुनि संघ के मंगल प्रवचन होंगे। सभी महिला मंडलों से इस कार्यक्रम में समय पर उपस्थित होने की अपील की है। मुनिसंघ मोराजी से विहार करके शनिवार को शाम 6 बजे भाग्योदय पहुँचा।

# छात्र/छात्राओं के आवागमन के साधानों/स्कूल बसों एवं वाहन चालकों के पुलिस वेरीफिकेशन अनिवार्य

परिहार गर्जना न्यूज ।सागर। कलेक्टर दीपक आर्य के आदेशानुसार संस्था में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं की समग्रसुरक्षा के दृष्टिगत छात्र/छात्राओं के आवागमन के साधानों / स्कूल बसों एवं वाहन चालकों के पुलिस वेरीफिकेशन (चरित्र सत्यापन) कराना अनिवार्य है। नये शैक्षणिक सत्र 2024-25 प्रारंभ हो चुके है। स्कूल एवं कोचिंग में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के आवागमन को दुर्घटना रहित एवं सुरक्षित बनाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसमें स्कूल बसों का क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के द्वारा फिटनेस सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है एवं परिवहन नियमों / मापदण्डों का पालन किया जाना चाहिए। सभी स्कूल बसों का पीला रंग हो तथा बसों पर स्कूल का नाम स्पष्ट लिखा हो। वाहन में बस में आपातकालीन द्वार हो एवं वाहन में भरोसेमंद लॉक हो।



बस में प्रेशर हॉर्न या मल्टीटोन हॉर्न न हो किन्तु अलार्म होना जरूरी है। बसों के ड्राइवर एवं अटेंडर का पुलिस वेरिफिकेशन कराकर उनके दस्तावेजों का संधारण करना स्कूल की जिम्मेदारी होगी, जिसे समय-समय पर संबंधित थाना पुलिस को उपलब्ध कराया जावे। स्कूल बस वाहन चालक का पूर्व में किसी प्रकार का आपराधिक रिकार्ड न रहा हो तथा उस ने पूर्व में किसी प्रकार से भी यातायात नियमों का उल्लंघन न किया हो, उक्त मापदंडों की पूर्ति करने पर ही स्कूल बसों के संचालन हेतु वाहन चालक नियुक्ति की जावें। सप्ताह में दो बार स्कूल द्वारा बस प्राइवेट वेन मैजिक एवं अन्य वाहन जो बच्चों को स्कूल आवागमन में उपयोग होते है, उनकी जांच सुनिश्चित हो। बसों में सी.सी.टी.व्ही. कैमरे दो दरवाजें स्पीड गवर्नर एवं फर्स्ट एण्ड किट, (जो कि एक्सपायर्ड न हो) अग्निशामक यंत्र होना अनिवार्य रूप से होना चाहिए बच्चों को स्कूल आने-जाने हेतु आवागमन के सभी वाहनों का संचालन अवैध रूप से लगी हुई गैसकिट से न हो यह सुनिश्चित किया जावे। बच्चों को स्कूल आने-जाने हेतु सभी वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चे न बैठे हो, यह सुनिश्चित किया जाये। यह भी सुनिश्चित हो कि स्कूलों के सामने जेबरा क्रॉसिंग, स्पीड ब्रेकर, एवं साइन बोर्ड आदि लगे हो तथा ट्रेफिक व्यवस्था व नियमों का पालन हो रहा हो। प्राथमिक उपचार हेतु फस्ट एड बॉक्स होना अनिवार्य है एवं बच्चों को बैग रखने के लिए रेक आदि की व्यवस्था हो।बच्चों के बस से उतरते चढ़ते समय चेतावनी वाली पार्किंग लाइट कियाशील होना चाहिए। स्कूल बस की गति 40 प्रति किमी प्रति घंटा से अधिक न हो। उक्त संबंध में सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी एवं बाल संरक्षण आयोग द्वारा जारी गाइड लाइन का पालन करते हुए बिना पुलिस वैरीफिकेशन के स्कूल बसों के संचालन हेतु वाहन चालकों की नियुक्ति के संबंध में जारी निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें। तत्संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाये जाने पर सम्पूर्ण जबावदेही स्कूल प्रबंधन की होगी।

# कलश यात्रा के साथ हुआ धार्मिक आयोजन

## सिर पर कलश रखकर निकले रावतपुरा सरकार, दर्शनों को उमड़ी भीड़





**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जिले के छिपरी गांव में सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत शनिवार को कलश यात्रा के साथ हुई। दोपहर 3 बजे मां शारदा पहाड़ी से कलश यात्रा शुरू हुई। भ्रमण के बाद 5 बजे कथा स्थल पर यात्रा का समापन हुआ। यात्रा में संत श्री रविशंकर महाराज भी सिर पर कलश रखकर निकले। रावतपुरा सरकार भक्त मंडल के सदस्य पवन भट्ट ने बताया कि मां शारदा की करीब 100 फीट ऊंची पहाड़ी पर 61 फीट ऊंची बुंदेलखंड की सबसे ऊंची शिव प्रतिमा बनाई गई है। 5 जुलाई को प्रतिमा का लोकार्पण होगा, जिसमें मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि शनिवार को कलश यात्रा के साथ अनुष्ठान की शुरुआत हुई। 29 जून से लेकर 5 जुलाई तक श्रीमद् भागवत कथा और रासलीला का मंचन होगा। इसके साथ ही 3, 4 और 5 जुलाई को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 5 जुलाई को दोपहर 1 बजे भगवान शिव की प्रतिमा का लोकार्पण होगा। साथ ही संत श्री रविशंकर महाराज रावतपुरा सरकार महाराज का जन्म महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।

***मुख्यमंत्री सहित केंद्रीय मंत्री होंगे शामिल-***

छिपरी गांव संत रवि शंकर महाराज रावतपुरा सरकार की जन्म स्थली है। 2 साल पहले पहाड़ी पर भगवान भोलेनाथ की ध्यान मुद्रा में 61 फीट ऊंची प्रतिमा का निर्माण शुरू किया गया था। भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा बनाकर तैयार है। 5 जुलाई को मप्र के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव सहित केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा, प्रहलाद पटेल, शिव प्रतिमा का लोकार्पण करने छिपरी पहुंचेंगे। धार्मिक आयोजन के चलते यहां गांव छिपरी सहित आसपास का माहौल धर्ममयी बना हुआ है। यहां बढ़ी संख्या में लोगों का आना बना हुआ है।

# इंद्र देवता हुए मेहरबार, मेघों के बरसने से खिले लोगों के चेहरे

## बल्देवगढ़ में सर्वाधिक वर्षा दर्ज, 24 घंटे में हुई 1.1 इंच बारिस

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। उमस और गर्मी से परेशान लोगों को बारिश का बेसब्री से इंतजार था। बीते रोज इंद्र देवता मेहरबान हुए और रात्रि में जोरदार बारिश हुई। तेज बारिश होने से मौसम के मिजाज बदले और लोगों ने चैन की नींद ली। बताया गया है कि जिले में पिछले 24 घंटे में 27. 3 मिमी यानी 1.1 इंच औसत बारिश दर्ज की गई है। सबसे ज्यादा वर्षा बल्देवगढ़ क्षेत्र में 63 मिली मीटर यानी ढाई इंच बारिश हुई। शुक्रवार रात करीब 11 बजे तेज हवा के साथ बारिश शुरू हुई और रात भर रुक रुक कर पानी गिरता रहा। आज सुबह से आसमान में बादल छाए हैं। जिले में पिछले तीन दिनों से अलग-अलग क्षेत्र में बारिश हो रही है। शुक्रवार को बल्देवगढ़ और खरगापुर क्षेत्र में अच्छी बारिश हुई। भू अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे के दौरान वर्ष मापी केंद्र टीकमगढ़ में 29 मिली मीटर, बड़ागांव धसान में 15, बल्देवगढ़ में 63, खरगापुर में 42 और पलेरा में 28 मिली मीटर बारिश रिकार्ड की गई है। जबकि जिले के जतारा में 13, मोहनगढ़ में 12 और लिधौरा में 16 मिमी बारिश दर्ज की गई है। मानसून के सक्रिय हो जाने से लोगों को गर्मी से कुछ हद तक राहत मिली है। आने वाले दिनों में तेज बारिश की संभावना जताई जा रही है। देखा जा रहा है कि शहर की सफाई व्यवस्था चौपट होने का खामियाजा नगर के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। पानी निकासी के इंतजाम न होने से कई इलाकों में सड़कों पर पानी भरा रहता है। गंदगी के कारण नालियां बजाबजा रही हैं, जिस कारण सारी गंदगी मामूली बरसात में भी सड़कों पर आने लगती है। होटल संचालकों द्वारा नालियों में सड़ी-गली सब्जियां डाले जाने से इन होटलों के पास लोगों का खड़ा रहना मुश्किल होता है। जिला अस्पताल एवं पुराना बस स्टेंड पर लोग बदबू से परेशान हैं। इसी प्रकार गांधी चौराहा एवं अन्य प्रमुख इलाकों में गंदगी के कारण लोग परेशान हैं।



***टीकमगढ़ में सबसे ज्यादा 6.5 इंच वर्षा-***

जिले में सबसे ज्यादा बारिश वर्षामापी केंद्र टीकमगढ़ में 163 मिमी यानी 6.5 इंच रिकॉर्ड की गई है। जबकि अब तक बड़ागांव धसान में 108, बल्देवगढ़ में 108, खरगापुर में 124, जतारा में 47, मोहनगढ़ में 65, लिधौरा में 49 और पलेरा में 135 मिमी बारिश हुई है। जिले में अब तक कुल 99.9 मिली मीटर औसत यानी 3.9 इंच बारिश हुई है। जबकि पिछले साल 29 जून तक जिले में 2.5 इंच बारिश रिकार्ड की गई थी।

### सहायक शिक्षक के पद से सेवानिवृत होने पर शिक्षकों व ग्रामीणों ने दी भाव भीनी बिदाई

टीकमगढ़। शिक्षक का स्थान सबसे श्रेष्ठ होता है, शिक्षक के बिना शिक्षा पाना असम्भव है। शिक्षक और विद्यार्थी का संबंध बहुत ही घनिष्ठ माना जाता है। गुरु ही है, जो अपने शिष्य को सदमार्ग पर चलने की शिक्षा के साथ-साथ सही राह दिखाता है। यही से प्रत्येक आदमी के जीवन की रूप रेखा बनती है। जब शिक्षक अपनी सेवा पूर्ण कर सेवा निवृत होता है और जब अपने विद्यार्थियों और अपने विद्यालय को हमेशा के लिए छोड़ता है, तब कोई भी अपनी आंखों में आंसू रोक नहीं पाता है । शनिवार को पलेरा विकाश खंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम बिजरावन के प्राथमिक पाठशाला में पदस्थ सहायक शिक्षक रमेश चंद्र अहिरवार, जो प्रधानाध्यापक के रूप में पदभार लेकर अपनी सेवा दे रहे थे, आज उनको बिदाई दी गई। बताया गया है कि उनकी सेवानिवृति पर प्राथमिक पाठशाला बिजरावन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान क्षेत्र के शिक्षक गणों और साथियों व ग्रामवासियों ने साल श्रीफल देकर भाव भीनी बिदाई दी । एक और शिक्षकों में सेवा पूर्ण करने की खुशी, तो वहीं साथियों से बिछड़ने का गम दिख रहा था। इनका जन्म ग्राम स्यावरी जिला झांसी के यूपी में हुआ था, इनकी नियुक्ति सन 1987 को उपरारा में हुई थी, तब से लगातार अपनी सेवा शिक्षा क्षेत्र में सहायक शिक्षक के रूप में दे रहे थे। इनके कार्य क्षेत्र जहां इन्होंने अपनी सेवा दी कुंडेश्वर, नौरा, निवौरा और बिजरावन। इनके द्वारा पढ़ाए गए कई विद्यार्थी आज बड़ी बड़ी पोस्टों पर अधिकारी बने है, इनका शिक्षा जगत में विद्यार्थियों के लिए इनका बहुत बड़ा योगदान रहा है। इस मौके पर रमेशचंद्र ने विद्यार्थियों को शुभकामनाओं सहित संदेश दिया कि वे अच्छी तरह पढ़े और जीवन में उत्तरोत्तर वृद्धि करे राष्ट्र निर्माण कार्य करे व अपना अतुलनीय सहयोग प्रदान करे । इस कार्यक्रम के दौरान संकुल केंद्र चंदेरा के प्रिंसिपल सिंधपाल सिंह बुंदेला, प्राचार्य रामपाल अहिरवार, पूर्व प्राचार्य आत्मा राम वर्मा, बीडी बर्दिया, घन्नेंद्र सिंह गौर, अखिलेश अहिरवार, रामदेवी अहिरवार अनुसूचित जनजाति हॉस्टल अधीक्षिका जेवर, वीरसिंह ठाकुर, जितेंद्र सिंह ठाकुर, आयोध्य प्रसाद अहिरवार, छोटेलाल अहिरवार व भारी संख्या में ग्रामीण व गणमान्य मौजूद रहे।

# 24 घंटे में नव विवाहित महिला की हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

## पुलिस सक्रियता के चलते सुलझी महिला की मौत की गुत्थी

परिहार गर्जना न्यूज। जतारा। टीकमगढ़ पुलिस अधीक्षक रोहित कासवानी और जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम की सक्रियता के चलते नव विवाहित महिला की मौत की गुत्थी सुलझ गई है। इस मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भी कर दिया गया है। पूरा मामला लिधौरा थाना का है। बताया गया है कि राखी कुशवाहा निवासी केरोखर जिला झांसी यूपी की शादी महेंद्र कुशवाहा निवासी मगरपुर थाना सकरार जिला झांसी के साथ लगभग दो साल पूर्व हुई थी, जिसकी एक पुत्री भी है। करीब 5-6 माह से पति-पत्नी राखी और महेंद्र के बीच दहेज को लेकर विवाद चल रहा था, जिसमे महेंद्र व उसके परिजनों द्वारा राखी के घरवालों से दो लाख रुपए की मांग की जा रही थी। पैसे न मिलने पर आरोपी महेंद्र के द्वारा राखी के साथ मारपीट की जाती थी। बताया गया है कि 31 मई को आरोपी महेंद्र अपनी पत्नी राखी को लेकर अपनी बहन लीलम के घर मनेथा गया था, जहां बहनोई और बहन से साथ मिलकर राखी की हत्या कर उदयपुरा थाना लिधौरा के अमृत सरोवर तालाब में फेंक दिया था। महेंद्र के द्वारा घटना की सूचना लिधौरा पुलिस को देकर बताया था कि नहाने के दौरान राखी की मौत तालाब में डूबने से हो गई है। जब राखी के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई और पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ को एक आवेदन सौप कर जांच की मांग की गई थी। जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम के द्वारा जांच की गई, तो जांच में पाया गया कि राखी की मौत सामान्य नहीं हुई है, बल्कि हत्या हुई है। पीएम रिपोर्ट के अनुसार राखी के शरीर पर चोट के निशान पाए गए थे। जांच के अनुसार आरोपियों पर धारा 304 बी, 498 ए, दहेज प्रतिषेध धारा 3, 4, धारा 34 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया और बहनोई आरोपी सरमन कुशवाहा निवासी मनेथा, बहन लीलम कुशवाहा निवासी मनेथा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्यवाही से सहमत होकर मृतिका राखी कुशवाहा के परिजनों ने पुलिस अधीक्षक रोहित कासवानी और एसडीओपी अभिषेक गौतम का आभार व्यक्त किया है। बताया गया है कि पुलिस की सक्रियता से अब तक अनेक मामले सुलझा लिए गए हैं।

# संगीतमय सुंदरकांड का हुआ पाठ, भजनों पर थिरके श्रोता

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। स्थानीय ब्राह्मण कालोनी स्थित जागेश्वर धाम में संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया गया। इस दौरान पं श्री रामगोपाल शर्मा एंड पार्टी द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया। पाठ के साथ ही उनके द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए। भजनों का सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। बताया गया है कि यह आयोजन एसडीओ डीके शर्मा द्वारा आयोजित किया गया। उन्होंने आयोजन पश्चात आरती की एवं प्रसाद वितरण किया गया। बताया गया है कि श्री शर्मा ने अपने कार्यकाल में बेहतर कार्य किया। टीकमगढ़, बल्देवगढ़, पलेरा सहित जिले के अनेक जनपदों में लोग उनके बेहतर व्यवहार एवं कार्य की प्रशंसा करते आ रहे हैं। यह आयोजन के सेवाकाल के पूर्ण होने के अवसर पर किया गया। बताया गया है कि श्री शर्मा का सेवाकाल पूरा हो चुका है। रविवार को उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी जाएगी। उनके विदाई समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई है। श्री शर्मा ने कहा कि उन्हें लोगों की समस्याओं को दूर करने का हरसंभव प्रयास किया। कार्य के दौरान उन्हें स्थानीय कर्मचारियों के अलावा अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों का भरपूर सहयोग मिला। श्री शर्मा ने अपने सेवा निवृत्त होने पर कहा कि वह अपने कार्यकाल से प्रसन्न हैं। उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुरेश द्विवेदी, रमेश द्विवेदी, सुभाष मिश्रा, प्रदीप खरे, राजेन्द्र चतुर्वेदी, राजकुमार पाठक, अनूप तिवारी, राजेन्द्र विदुआ, अशोक कुमार, दीपक शर्मा, सहित अनेक नगरवासी उपस्थित रहे।



# 15 वर्षीय किशोरी परिजनों को बिना बताए हुई घर से लापता

## पुलिस ने संदेही व्यक्ति के खिलाफ किया मामला दर्ज

परिहार गर्जना न्यूज। दिगौड़ा। थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव से 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी अपने परिजनों को बिना बताए घर से कहीं चली गई है। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने गुम शुदगी दर्ज कर की व संदेही व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। दिगौड़ा पुलिस ने बताया है कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव से 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी, जो अपने घर पर थी। वह अपने माता-पिता व परिजनों को बिना बताए कहीं चली गई। परिजनों ने किशोरी को आसपास के गांवों व रिश्तेदारियों में तलाश किया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। आज परिजनों ने इस घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिसमें एक गांव के व्यक्ति पर किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने के आरोप लगाए गए। पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट पर गुमशुदगी दर्ज करते हुए संदेही व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लापता किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

# ग्राम पंचायत जमुनहाई मे भारी भ्रष्टाचार

## -सरपंच पति, उपयंत्री द्वारा मिलकर पुरानी फसल सुरक्षा दीवार को नया बताकर निकाल ली लाखो रूपये की राशि

## -जिले भर मे चल रहा भारी फर्जीवाड़ा




**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/ग्राम पंचायतो मे वर्तमान समय मे निर्माण कार्यो तथा विकास कार्यों में व्याप्क स्तर पर फर्जीवाडा की खबरे सामने आ रही है। सबसे अधिक फर्जीवाडा पन्ना जनपद पंचायत अन्तर्गत गाम पंचायतो मे चल रहा है। जहां पर पुराने निर्माण कार्यो को नया दर्शाकर सरपंच, सचिव, उपयंत्रीयों द्वारा मिलकर शासकीय राशि में फर्जीवाडा तथा भ्रष्टाचार किया जा रहा है। सबसे अधिक भ्रष्टाचार मनरेगा योजना अन्तर्गत पन्द्रह लाख की लागत से बनाई जा रही फसल सुरक्षा दीवारो मे किया जा रहा है। जिसमें पुरानी फसल सुरक्षा दीवारो को नया दर्शाकर राशि आहरित की जा रही है। इसी प्रकार का मामला पन्ना जनपद पंचातय अन्तर्गत ग्राम पंचायत जमुनिहाई का प्रकाश मे आया है। जहां पर जमुनिहाई ग्राम पंचायत के ग्राम राजापुर में पुरानी फसल सुरक्षा दीवार को नया दर्शाकर लगातार मजदूरी एवं मटेरियल की राशि आहरित की जा रही है। पन्द्रह लाख की लागत से बनने वाली उक्त फसल सुरक्षा दीवार बमुश्किल लाख दो लाख की राशि खर्च करके पूरी दर्शा दी जा रही है। पूर्व में किसानो द्वारा अपने खेतो मे जानवरो से बचाने के लिए खकरी बनाई गई थी। उन्ही पुरानी खकरी को नया दर्शाकर राशि आहरित की गई है। ग्राम राजापुर में उक्त फसल सुरक्षा दीवार रघु गौड़ के खेत से गुरवा गौड़ के खेत तक बनाई जा रही है। जो दर्शाया गया है जबकी नब्बे प्रतिशत उक्त फसल सुरक्षा दीवार पूर्व से ही स्वंय किसानो द्वारा बनाई गई है। पंचायत द्वारा सिर्फ थोडी पत्थर लगाकर ऊचाई की गई है। स्थानीय लोगो ने बताया कि यह फसल सुरक्षा दीवार पूर्व से ही बनीं हुई है। कुछ स्थानो पर सुधार करके बनाया गया है। इस प्रकार से भारी फर्जीवाडा किया जा रहा है। ग्रामम पंचायत जमुनिहाई में व्याप्क स्तर पर भ्रष्टाचार एवं अनिमित्ताए की जा रही है। ग्राम पंचायत में महिला सरपंच है लेकिन पंचातय का संचालन सरपंच पति द्वारा किया जा रहा है तथा उक्त ग्राम पंचायत जनपद पंचायत मे पच्चीस वर्ष से पदस्थ उपयंत्री संजीव जैन के सेक्टर मे आती है। उपयंत्री द्वारा ही इस प्रकार के फर्जीवाड़ा लगातार किये जा रहें है। इनके सेक्टर मे सबसे अधिक ग्राम पंचायतो मे निर्माण एवं विकास कार्यो में फर्जी बिल बाउचर का खेल चल रहा है। लोगो द्वारा अनेको बार शिकायते की जाती है। लेकिन जिला पंचायत तथा जनपद पंचातय के बैठे अधिकारीयो द्वारा कोई कार्यवाही नही की जा रही है। श्री जैन का पूर्व में भी एक मामला प्रकाश मे आया था जिसकी जांच मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा की जा रही है। स्थानीय लोगो ने जमुनिहाई ग्राम पंचायत मे किये जा रहें निर्माण कार्यो की जांच कराये जाने की मांग जिला कलेक्टर तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत से की है।

***इनका कहना है***

संबंधित मामला आपके द्वारा संज्ञान मे लाया गया है, मामले की जांच कराई जायेगी तथा दोषीयो के खिलाफ कार्यवाही कराई जायेगी।

***अशोक चतुर्वेदी प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत पन्ना***

# जल प्रदाय योजना अंतर्गत पाइप लाइन क्षतिग्रस्त करने पर होगी कार्यवाही

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में समूह जल प्रदाय योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। परियोजना के माध्यम से ग्रामीण परिवारों तक सुलभ तरीके से शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य है। जनहित की इस वृहद परियोजना के निर्माणाधीन व पूर्ण कार्यों में ग्रामवासियों का सहयोग अपेक्षित है, जिससे निरंतर व निर्बाध रूप से पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। साथ ही सामूहिक जनसहभागिता व निर्णय से बेहतर तरीके से परियोजना का संचालन हो सके। इस क्रम में पवई बांध ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के तहत 158 ग्रामों में पेयजल प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। गत 26 जून को पीआईयू टीम के द्वारा निरीक्षण में पाया गया कि शाहनगर विकासखण्ड के ग्राम सुंगरहा में पेयजल सप्लाई के दौरान चार लोगों के घरों में अवैध कनेक्शन किया गया है। सुंगरहा निवासी सखाराम कोरी, रामलखन कोरी, राहुल कोरी एवं अवधेश यादव द्वारा शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंचाई गई है। इन व्यक्तियों के अवैध कनेक्शन के कारण ग्रामों के अन्य घरों में पानी की सप्लाई बाधित हो रही है और कम दाब से पानी पहुंच रहा है। यह स्थिति पाए जाने पर जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय के निर्देशन में जल निगम पन्ना के महाप्रबंधक शिवम सिन्हा द्वारा संबंधितजनों को चेतावनी जारी कर तत्काल कनेक्शन को हटाकर पाइप लाइन यथावत करने के लिए कहा गया है। साथ ही ग्रामीण पेयजल स्वच्छता। समिति को भविष्य में इस तरह के अवैध क्रियाकलाप की रोकथाम व निगरानी के लिए भी निर्देश दिए गए हैं। ऐसा करते पाए जाने पर भारतीय दण्ड संहिता 1860 में उल्लेखित धाराओं 268, 270, 277, 290, 291, 425, 426 व 427 के तहत एफआईआर दर्ज कराने के साथ कानूनी कार्यवाही भी की जा सकेगी।

# देवर ने भाभी की कुल्हाडी मारकर की हत्या

## कुल्हाडी लेकर आरोपी पंहुचा थाने




**दयाशंकर दीक्षित**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले के अजयगढ थाना मे उस समय अफरा तफरी मच गई जब एक व्यक्ति खून से सनी कुल्हाडी लेकर थाने मे घुस आया मामला कुछ इस प्रकार है। अजयगढ थाना अन्तर्गत ग्राम बारा कगरे मे रहने वाली कल्ही वाई केवट जो बकरी चराने जंगल जाती थी तथा उसके साथ उसके पडोसी भी जाते थें। जिसको लेकर कल्ही बाई के देवर राजाराम केवट ने पडोसीयो के साथ बकरी चराने को लेकर अनेको बार मना किया गया था। लेकिन वह नही मानी जिसको लेकर राजाराम तथा कल्ही बाई के बीच एक दिन पूर्व विवाद भी हुआ था। जिसको लेकर राजा राम गुस्से मे था। दिनांक 28 जून को कल्ही बाई बकरी चराने के जंगल गई थी। जिसकी जानकारी राजाराम को मिली तो राजाराम कुल्हाडी लेकर जंगल पंहुच गया तथा गुस्से मे राजाराम ने अपनी भाभी कल्ही बाई पर कुल्हाडी से बार करते हुए उसकी हत्या कर दी तथा आरोपी राजा राम कुल्हाडी लेकर थाना पंहुच गया और उसने पुलिस को सारी जानकारी बताई। वंही दूसरी ओर जब कल्ही बाई शाम तक घर नही आई तो परिजनो ने उसे अनेक स्थानो पर ढूंडा लेकिन वह नही मिली बकरियां भी घर आ गई थी। परिवार वाले रात मे भी ढूंढते रहे तथा वह चिंतित रहें। सुबह पुलिस ने म्रतिका के पुत्र प्रकाश को घटना क्रम के संबंध मे जानकारी दी तब परिजनो को पता चला की राजा राम दौरा कल्ही बाई की हत्या कर दी गई है। पुलिस ने संबंधित मामले मे आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है तथा म्रतिका का पोस्ट मार्टम कराकर शव परिजनो को सौप दिया गया है।

# बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने फिर पकड़ा गोवंश से भरा पिकअप वाहन

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले के अजयगढ़ तहसील एवं धरमपुर थाना अंतर्गत ग्राम हरदी के पास बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा गोवंश बैलों से लोड एक पिकअप वाहन को पकड़ कर धरमपुर पुलिस को सुपुर्द किया गया है। बजरंग दल जिला सह संयोजक अजय नामदेव ने बताया कि सूत्रों से पता चला था कि ग्राम हरदी के पास बैल पिकअप में लोड किए जा रहे हैं, मौके पर पहुंचने पर तीन लोग भाग गए और दो लोगों को पकड़ लिया, जिनके कब्जे से चार बैल और नगर परिषद अजयगढ़ की रसीद प्राप्त हुई है जो



पशुओं की खरीद-बिक्री पर 100 रुपए की काटी जाती है। यह बैल ग्राम हरदी से लोड किए जाना बताया गया है लेकिन रसीद अजयगढ़ बैल बाजार की मिली हैं, जबकि बजरंग दल के द्वारा पहले भी पशु तस्करों के पास नगर परिषद की रसीद मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ज्ञापन सौंप कर सीएमओ को हटाने की मांग उठाई गई थी इसके बावजूद इस प्रकार के मामले सामने आ रहे हैं। जिस पर बजरंग दल के कार्यकर्ता नाराज हैं बैलों को छुड़ाकर पिकअप सहित धरमपुर थाना पुलिस को सौंप दिया गया है जिस पर पुलिस के द्वारा प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में दिया गया है।

# झाडफूंक के चक्कर मे महिला की मौत

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले के रैपुरा थाना अन्तर्गत दमुईया ग्राम निवासी एक पैतिस वर्षीय महिला को ईलाज न मिलने के कारण झाड फूंक के चक्कर मे मौत हो गई। जानकारी के अनुसार चरन सिंह पिता कोमल सिंह गोड़ निवासी दमुईया ने बताया कि मेरी पत्नी सुमित्रा बाई विगत एक सप्ताह से बीमार चल रही थी। जिसका ईलाज स्थानीय चिकित्सको तथा झाड फूंक करने वालो से कराया गया। लेकिन उसे कोई फायदा नही हुआ तथा उसकी तबीयत बिगडती गई तथा उसकी मौत हो गई। फरियादी ने बताया कि इन तमाम चीजो मे पैसा भी बर्बाद हुआ है। उक्त मामले मे रैपुरा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है।

# कलेक्टर श्री कोचर ने आगनवाड़ी एवं स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

-ऐतेहासिक धरोहरों का लिया जायजा

-ग्रामीणों की सुनी समस्याएं, समाधान करने तत्काल संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश





राजकुमार दुबे

***परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 29 जून। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर आज सुबह 8 बजे जिले के ग्राम बलारपुर पहुँचे और खेरा में बिखरी पड़ी ऐतिहासिक धरोहर मढ़ा का जायजा लिया। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव की जल समस्या से अवगत कराने पर कलेक्टर श्री कोचर ने जल निगम के अधिकारियों को तत्काल समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। तदोपरांत कलेक्टर जनपद जबेरा अंतर्गत ग्राम पंचायत झरौली के आगनवाड़ी केंद्र एवं स्कूल का निरीक्षण किया, जहां उन्हें व्यवस्थाएं संतोषजनक मिली, उन्होंने छात्रों से चर्चा की और पढ़ने के लिये प्रोत्साहित किया, उनकी नोट बुक देखी व पढ़ाई के टिप्स दिये। अपने भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने ग्राम मुवार में राधा रमण जानकी मंदिर के प्राचीन ऐतेहासिक भवन का जायजा लिया।***

उन्होंने झरौली में प्राचीन तालाब एवं मुआर में प्रसिद्व सिद्ध बाबा स्थल का जायजा लिया,जहां ग्रामीणों द्वारा पेड़ो की देखभाल की जानकारी लगने पर कलेक्टर ने ग्रामीणों की प्रशंसा की। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्या सुन उनका समाधान करने के लिए तत्काल अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने बनवार में सड़क किनारे एवं खुले में माँस-मछली की दुकान खुलने की शिकायत मिलने पर अधिकारियों को तत्काल सड़क किनारे एवं खुले में खुलने वाली माँस-मछली की दुकाने हटाने निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा आज छितरा, झरौली और मुआर गांव का निरीक्षण किया है। इन तीनों जगह पर दमोह की जो ऐतिहासिक और पुरातत्व की संपदा है, उसका भी जायजा लिया है और साथ में आंगनवाड़ी भवन, स्कूल भवन और मध्यान्ह भोजन के किचन शेड इसके अलावा पुरानी प्राचीन बावड़िया, इन सभी का निरीक्षण भी किया ।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा ग्रामीणजनों ने जो समस्याएं बताई है उसके लिए तत्काल संबंधित अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देश दिए गए हैं, वे अगले एक-दो दिन में संबंधित जगहों पर जाएंगे चीजों को देखेंगे और समस्याओं का निराकरण करेंगे। उन्होंने कहा पुरातत्व की जो संपदा है उसकी जानकारी हासिल हुई है, जिससे उसके संरक्षण के लिए काम किया जायेगा। झरौली में एक पुरातत्व महत्व की मूर्ति है, उसे जिला संग्रहालय में ले जाकर रखा जायेगा, वह मूर्ति अगले एक-दो दिन के अंदर संग्रहालय में स्थापित हो जाएगी, ताकि वहां पर उसकी प्रॉपर देखरेख हो सके। उन्होंने बताया लगातार गांव की समस्याओं को हल करने के लिए निरंतर काम किये जा रहे हैं।

# जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग दमोह द्वारा पटेरा एवं हटा बाल विकास परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ियों का किया गया औचक निरीक्षण

## अनियमितताओ के लिए कार्यकर्ता, सहायिका और संबंधित पर्यवेक्षक को दिये गये नोटिस

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह ~ 29 जून। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग दमोह द्वारा पटेरा एवं हटा बाल विकास परियोजना के भ्रमण के दौरान ऑगनवाडी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ऑगनबाड़ी केन्द्र से अनुपस्थित कार्यकर्ता, सहायिका को एवं केन्द्र पर पाई गयी अनियमितताओ के लिए कार्यकर्ता, सहायिका और संबंधित पर्यवेक्षक को नोटिस दिये गये। आवश्यकता से अधिक टेक होम राशन केन्द्रो पर भेजने के लिये परियोजना पटेरा के गोदाम प्रभारी को भी नोटिस दिया गया। भ्रमण के समय आंगनबाड़ी केंद्र मुड़िया एवं राजाबन्दी, बन्द पाये गये। वमोरी, भझगवा पतोल, केन्द्र खुले हुए मिले पर इन केन्द्रो पर कार्यकर्ता, सहायिका अनुपस्थित मिली, केन्द्रो पर कोई भी हितग्राही नहीं मिला। ऑगनवाडी केन्द्र मुड़िया-1, ऑगनवाड़ी पटेरा-6, ऑगनवाडी पटेरा क्र-119 एवं देवडोंगरा पर अनियमिता पायी गई।



इसी तरह हटा परियोजना के बम्होरी ग्राम के एवं ग्रामीण परियोजना के दो आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण के आधार पर संबंधितों पर कार्यवाही की जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में इस तरह के औचक निरीक्षण सतत जारी रहेंगे और इस तरह यदि और कही लापरवाही पाई जाती है तो कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# राज्यमंत्री श्री पटेल आज ग्राम जमुनिया पहुंचकर गणमान्य नागरिको से सौजन्य भेट करेंगे एवं शोकाकुल परिवारों से मिलेंगे

## प्रात: 09 बजे होंगे भोपाल रवाना



परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 29 जून। प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल आज 30 जून को प्रात~ 08 बजे दमोह से प्रस्थान कर प्रात~ 08~45 बजे ग्राम जमुनिया (उमरहो) विकासखण्ड पथरिया पहुंचकर गणमान्य नागरिको से सौजन्य भेट करेंगे एवं शोकाकुल परिवारों से शोक संवेदनाएं व्यक्ति करेंगे। इसके उपरांत राज्यमंत्री श्री पटेल प्रात~ 09 बजे ग्राम जमुनिया से भोपाल के लिये रवाना होंगे।

# कलेक्टर श्री कोचर के निर्देशन में सभी शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में जून माह के मासिक टेस्ट का हुआ आयोजन

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 29 जून। सत्र 2024-25 के अंतर्गत दमोह जिले के सभी शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेन्ड्री विद्यालय में मासिक टेस्ट का आयोजन किया गया। मासिक टेस्ट के प्रश्न पत्रों का निर्माण जिला स्तर पर किया गया है, जो सभी विद्यालयों में एक समान होगा। प्रश्न पत्र जून माह के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम से तैयार किया गया है, 27 जून तक सभी प्राचार्य को संबंधित ब्लाक के उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य के माध्यम से सभी विषयों के प्रश्न पत्र पीडीएफ के माध्यम से उपलब्ध हुऐ। प्रश्न पत्रों का प्रिंट लेकर प्राचार्य द्वारा संबंधित विषय शिक्षक को प्रश्न पत्र उपलब्ध कराएं गये तथा विषय शिक्षक प्रश्न पत्र को अपने कालखंड के दौरान ब्लैक बोर्ड पर लिखकर अपने कालखंड में ही टेस्ट का आयोजन कराया गया। इस तरह एक ही दिन में सभी विषयों के टेस्ट पूर्ण हो सकें।



टेस्ट पेपर 20 अंक का हुआ जिसका मूल्यांकन विषय शिक्षक को विद्यार्थी की टेस्ट कॉपी में तीन दिवस में पूर्ण करना होगा। प्रत्येक विषय शिक्षक द्वारा टेस्ट कॉपी का मूल्यांकन सावधानीपूर्वक लाल स्याही के पेन से किया जाएगा तथा गलतियों पर गोले अंकित कर उसका सही रूप लिखा जाएगा। मूल्यांकन के उपरांत जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में शिक्षक अभिभावक मीटिंग का आयोजन होगा जिसमें टेस्ट कॉपी के माध्यम से छात्र की प्रगति से अभिभावक को अवगत कराया जाएगा। टेस्ट में सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य है तथा किसी भी तरह से टेस्ट प्रश्न पत्र परीक्षा से अलग नहीं होगा अर्थात टेस्ट का आयोजन वार्षिक परीक्षा की तर्ज पर शांतिपूर्ण एवं नकल रहित होगा। कलेक्टर श्री कोचर के निर्देशानुसार टेस्ट पेपर का निरीक्षण भी होगा। इस दौरान टेस्ट विधिवत संचालित न पाए जाने पर संबंधित प्राचार्य एवं शिक्षकों पर कार्यवाही की जायेगी। मासिक टेस्ट, टेस्ट कॉपी में ही लिए जाएंगे जिसका रिकॉर्ड साल भर विषय शिक्षक द्वारा रखा जाएगा टेस्ट कापी विद्यार्थियों को घर ले जाने नहीं दी जायेगी। इसी के तहत आज जिला शिक्षा अधिकारी एस.के. नेमा और एडीपीसी एस.के. असाटी ने शासकीय ई.एफ.ए.जे.पी.बी. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

# 15 जुलाई को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/ निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह

## सम्मेलन का कृषि उपज मंडी परिसर दमोह में होगा आयोजन

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह ~ 29 जून। सीईओ जिला पंचायत एवं प्र. उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग दमोह अर्पित वर्मा ने बताया मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन हेतु दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया द्वारा 15 जुलाई 2024 नियत तिथि में जनपद पंचायत दमोह का आयोजन कृषि उपज मंडी परिसर दमोह में कराये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया हैं। उक्त तिथि में कृषि उपज मंडी परिसर दमोह में सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलन का आयोजन कराये जाने हेतु जिला स्तर से अनुमति प्रदान की गई हैं। सीईओ जिला पंचायत श्री वर्मा ने सामूहिक विवाह सम्मेलन के सबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दमोह को निर्देश देते हुए कहा उक्त आयोजन में योजना के नियमों/निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाये। आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही अनियमितता तथा आयोजन में सम्मलित होने वाले हितग्राहियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने कहा आयोजन में मंत्री एवं जनप्रतिनिधि के साथ ही सम्माननीय व्यक्तियों को आपकी निकाय स्तर के आयोजन में सम्मान पूर्वक आमंत्रित किया जायेगें, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने खजुराहो लोकसभा के चंदला और पन्ना विधानसभा क्षेत्र के मतदाता एवं कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह को किया संबोधित

# मध्यप्रदेश की जनता ने कांग्रेस व विपक्षी दलों की छल-कपट की राजनीति को नकार दिया- विष्णुदत्त शर्मा







**सत्तार खान**

परिहार गर्जना न्यूज। चंदला/पन्ना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के चंदला और पन्ना विधानसभा के मतदाता और कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी पर देश की जनता का अपार विश्वास है। देश की जनता ने विश्वास व्यक्त करते हुए ही लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक बहुमत से भाजपा को जिताकर श्री नरेन्द्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाया है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने भ्रम फैलाया कि भाजपा 400 सीटें जीत गई तो संविधान बदल देगी। मध्यप्रदेश की जनता ने कांग्रेस और विपक्षी दलों की झूठ, छल-कपट की राजनीति को नकार दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री शर्मा ने चंदला, पन्ना एवं राजनगर विधानसभा के कई गांवों में पहुंचकर मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया। चंदला में आयोजित समारोह में प्रदेश शासन के मंत्री श्री दिलीप अहिरवार और पन्ना में आयोजित समारोह को पूर्व मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने भी संबोधित किया।

***चंदला के हर गांव में सड़क व पानी की सुविधा मुहैया कराई जाएगी***

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और भाजपा सरकार के प्रति जनता का इतना विश्वास है कि चंदला विधानसभा के एक बूथ पर भाजपा को 95 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए हैं। इसी विश्वास को सम्मान देने के लिए मैं मतदाताओं का अभिनंदन कर रहा हूं। 95 प्रतिशत वोट प्राप्त करने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने अथक मेहनत व परिश्रम किया है, इसलिए उनका भी अभिनंदन किया जा रहा है। चंदला विधानसभा के प्रत्येक गांव में सड़क और पीने के पानी की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। चंदला क्षेत्र विकास में किसी भी क्षेत्र से पीछे नहीं रहेगा। आप लोगों ने मुझ पर और भाजपा पर जो विश्वास व्यक्त किया है, उसका पूरा सम्मान रखा जाएगा।

***झूठ व छल-कपट की राजनीति करने वालों को जनता ने सबक सिखाया***

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने देशभर में झूठ, छल-कपट की राजनीति की है। कांग्रेस पार्टी हमेशा से छल-कपट की राजनीति करती आ रही है। इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और विपक्षी दलों ने सबसे बड़ा झूठ बोला है कि भाजपा अगर 400 सीटों पर विजयी हो जाएगी तो संविधान बदल देगी। लेकिन मैं मध्यप्रदेश की जनता का हृदय से धन्यवाद देता हूं कि यहां की जनता ने कांग्रेस की छल-कपट की राजनीति को सफल नहीं होने दिया और श्री नरेन्द्र मोदी जी पर विश्वास व्यक्त करते हुए प्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों पर भाजपा को ऐतिहासिक विजय दिलाई है। मध्यप्रदेश की जनता ने कांग्रेस की झूठ व छल-कपट की राजनीति को पूरी तरह से नकार दिया है, लेकिन अभी भी कांग्रेस भ्रम फैलाने से बाज नहीं आ रही है। मध्यप्रदेश की जनता आगे भी कांग्रेस को इसी तरह से सबक सिखाएगी।

***हर व्यक्ति का विश्वास जीतने का कार्य करेगी भाजपा***

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि खजुराहो लोकसभा क्षेत्र सहित मध्यप्रदेश में जिन बूथों पर भाजपा को जीत नहीं मिली है, उन बूथों की संख्या बहुत कम है। जिन बूथों पर भाजप को विजय नहीं मिली है, उन बूथों की जनता को मैं कहना चाहता हूं कि भाजपा और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के ध्येय वाक्य पर कार्य करते हैं। जिन लोगों ने इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को मतदान नहीं किया उनका उनके क्षेत्र में विकास के सभी कार्य किए जाएंगे और भाजपा उन मतदाताओं का भी विश्वास जीतने का कार्य करेगी।

***कार्यकर्ताओं के अथक मेहनत व परिश्रम से सभी 29 सीटों पर विजय मिली***

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि खजुराहो लोकसभा क्षेत्र में आप सभी मतदाताओं के विश्वास और कार्यकर्ताओं के अथक मेहनत व परिश्रम से ऐतिहासिक विजय मिली है। मध्यप्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों पर ऐतिहासिक विजय आज देशभर में चर्चा का विषय बना हुआ है। सभी 29 सीटों पर भाजपा को विजय बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के अथक मेहनत व परिश्रम व जनता के विश्वास के कारण ही संभव हो सकी है। छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र को लेकर तरह-तरह की बातें होती थीं, लेकिन हमें अपने भाजपा के कार्यकर्ताओं पर भरोसा था कि हम छिंदवाड़ा भी जीतेंगे। छिंदवाड़ा में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति जनता का विश्वास, गरीब कल्याण की योजनाओं और बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही ऐतिहासिक विजय मिली है।

***एक दर्जन गांवों का भ्रमण कर किया अभिनंदन***

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने शनिवार को राजनगर विधानसभा के ग्राम बसाहनाला (देवपुर तिराहा) ग्राम मढ़ा, मुंडेरी, पटना तिराहा, बसंतपुर तिराहा, बालकोरा तिराहा और बिछाना तिराहा पर आयोजित कार्यक्रम में मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने मतदाताओं और कार्यकर्ताओं को शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया है। इसके साथ पन्ना विधानसभा के ग्राम बीरा और अजयगढ़ में भी मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया गया। पन्ना में आयोजित समारोह में मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने वाले 95 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता श्री कन्हैयालाल साहू को सम्मानित किया। इसके साथ ही बुजुर्ग मतदाता व मीसाबंदी श्री अवध चौबे और श्री त्रिलोक चंद जैन को भी सम्मानित किया है।

चंदला में आयोजित समारोह में जिला अध्यक्ष श्री चंद्रभान सिंह गौतम, विधायक श्री अरविन्द पटेरिया, पूर्व विधायक श्रीमती रेखा यादव, श्री करुणेंद्र प्रताप सिंह, श्री हरप्रसाद पटेल, श्री संजय रिछारिया, श्री सुरेंद्र चौरसिया, श्री अरविन्द बुन्देला, श्री अरविन्द त्रिपाठी श्री अवध मिश्रा, श्री पंकज पांडे सहित जिला पदाधिकारी व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, मतदाता उपस्थित रहे।

पन्ना जनसभा में विधायक श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष श्री बृजेन्द्र मिश्रा, श्री सदानंद गौतम, श्री उमेश शुक्ला, श्री रामअवतार पाठक, श्री आशुतोष मेहदेले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मीनाराजे परमार, नगरपालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती मीना पाण्डेय सहित जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डॉ.अशोक दुबे की रिटायरमेंट पर दी गई विदाई पार्टी



**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉक्टर अशोक कुमार दुबे के आज रिटायरमेंट होने पर उन्हें आज विदाई दी गई, आज के इस विदाई कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खजुराहो में पदस्थ स्टाफ के अलावा गणमान्य जन एवं परिवार के सदस्य तथा इष्ट मित्र उपस्थित रहे जिनके द्वारा डॉक्टर अशोक दुबे को पुष्प गुच्छ एवं सोल श्रीफल देकर माला पहनकर उनके कार्यकाल को याद किया गया ।



# युवक ने मोबाइल और रुपये चोरी होने पर महिला को डंडे व जूते से पीटा

छतरपुर। छतरपुर में चोरी करने पर एक महिला को युवक ने सरेराह चांटे मारे। डंडे से पीटा औ जूते भी बरसाए। यहां से गुजर रहे एक राहगीर ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। घटना पुलिस चौकी से महज 100 मीटर की दूरी पर हुई। छत्रसाल चौराहे पर मौजूद पुलिस चौकी से 100 मीटर की दूरी पर बने यात्री प्रतीक्षालय में शनिवार दोपहर करीब 1 बजे एक युवक बैठा था। यहां किसी ने उसकी जेब से 200 और मोबाइल चुरा लिया। युवक ने यहां-वहां तलाशा, लेकिन मोबाइल और रुपए नहीं मिले। यात्री प्रतीक्षालय में झूम रही एक महिला पर उसे शक हुआ। उसने उसे पकड़ा और पूछताछ की। महिला के पास से उसे चोरी के 200 रुपए मिले गए। महिला ने रुपए निकालना तो कबूला, लेकिन मोबाइल को लेकर कहा कि उसे नहीं पता। महिला के मोबाइल को लेकर मना करने पर युवक आक्रोशित हो गया। उसने महिला को पकड़ा और पहले चांटे मारे। इसके बाद पास पड़े डंडे से उसे पीटा। महिला ने बचने की कोशिश की तो जूते उतारकर पीटना शुरू कर दिया। मारपीट की पूरी घटना पास खड़े एक युवक ने कैमरे में कैद कर लिया और शनिवार शाम को उसे वायरल कर दिया। मामले में सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने बताया कि मारपीट की शिकायत नहीं मिली है। अगर कोई थाने में शिकायत करता है तो मामला दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



# युवक पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला

## चुनावी रंजिश को लेकर की गयी यह वारदात

छतरपुर। नौगांव थाना अंतर्गत आने वाली लुगासी चौकी क्षेत्र में एक युवक के ऊपर उसके राजनीतिक प्रतिद्वंदी द्वारा कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किए जाने की घटना सामने आई है। घायल युवक के मुताबिक आरोपी ने उसकी गर्दन पर कुल्हाड़ी से प्रहार किया है। घटना की रिपोर्ट नौगांव थाना में की गई है, वहीं घायल की हालत गंभीर होने के कारण उसे नौगांव से जिला अस्पताल रेफर किया गया है।



घायल सुदामा पाठक निवासी ग्राम खुर्दा ने बताया कि वह लकड़ी का व्यापार करता है। शनिवार को पास के गांव सलैया लकड़ी देखने के लिए गया था। यहां से वापिस लौटते वक्त वह सड़क किनारे खड़े होकर फोन पर किसी से बात कर रहा था तभी गांव के खेमचंद्र पाठक ने पीछे से उसकी गर्दन पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर दिया और भाग गया। कुल्हाड़ी लगने के बाद सुदामा बेहोश हो गया था, उसके साथी ने परिजनों को सूचना दी और घायल को लुगासी चौकी ले जाया गया। घायल के मुताबिक लुगासी चौकी पुलिस ने उससे नौगांव थाना जाकर रिपोर्ट करने के लिए कहा, जिसके बाद वह परिजनों के साथ घायल अवस्था में नौगांव थाना गया। पुलिस ने शिकायत लेकर उसे नौगांव के अस्पताल भेजा जहां प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद हालत गंभीर होने के चलते उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सुदामा ने बताया कि आरोपी उसका राजनीतिक प्रतिद्वंदी है। पूर्व में दोनों ने सरपंची का चुनाव लड़ा था, जिसमें उसे बुरी तरह से हार का सामना करना पड़ा था, तभी से आरोपी रंजिश रखता है।

# 2500 किलोमीटर की हिन्दू जोड़ो साईकिल यात्रा पूरी कर लौटे युवक का हिन्दू समिति ने किया सम्मान



छतरपुर। बिजावर क्षेत्र के ग्राम मोतीगढ़ के रहने वाले 21 वर्षीय युवक ने हिंदू जोड़ो यात्रा की शुरुआत 35 दिन पहले 27 मई को सिद्ध क्षेत्र बागेश्वर धाम से की थी। युवक ने हिंदुओं को जगाने के लिए साइकिल से 35 दिन में 2500 किलोमीटर की यात्रा की। इस यात्रा में वह क्षेत्र भी शामिल है जो बेहद दुर्गम है। बागेश्वर धाम से केदारनाथ और पंच केदार के तुंगनाथ तक साइकिल से जाने वाला यह युवक बुंदेलखंड का पहला युवक बन गया है। यात्रा से वापस आने के बाद हिंदू समिति ने भव्य स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह और शॉल हितकर सम्मानित किया। इतना ही नहीं युवक अपनी यात्रा का विराम जटाशंकर में करना चाहता था इस वजह से समिति के सदस्य उसे छतरपुर की सीमा तक छोड़ने गये जहां से वह जटाशंकर धाम के लिए निकल गया।

बागेश्वर धाम से केदारनाथ के लिए 35 दिन पहले साइकिल से निकले दीपेंद्र दीक्षित ने अपनी यात्रा के बारे में बताया कि उसे स्वप्न में केदारनाथ तक पैदल जाने का आभास हुआ था। परिवार से परामर्श किया तो परिवार के सदस्यों ने किसी वाहन से वहां तक जाने की सलाह दी। परिवार की हां होते ही वह साइकिल से केदारनाथ के लिए निकल पड़ा। तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद दीपेंद्र साइकिल से न केवल केदारनाथ जैसे दुर्गम सिद्ध क्षेत्र तक पहुंचा बल्कि साइकिल से ही केदारनाथ के ऊपर स्थित पंच केदार के दर्शन किए। अपनी यात्रा के बारे में दीपेंद्र ने बताया कि पहाड़ी क्षेत्र में जब वह साइकिल से जा रहा था तो लोग अचंभा मान रहे थे क्योंकि इस क्षेत्र में पैदल चलना जहां बेहद कठिनाई भरा हो वहां साइकिल से जाना और दुष्कर है। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पवन मिश्रा ने बताया कि दीपेंद्र दीक्षित के हिंदू जोड़ो यात्रा से वापस आने के बाद श्री राम नाम बैंक में उनका आदमी स्वागत करते हुए सम्मान किया गया उन्होंने कहा कि एक नवयुवक ने नौजवानों को यह संदेश दिया है कि वह एक जुट रहे और अपने सनातन धर्म की ध्वजा को आगे बढ़ाएं। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष के अलावा कमल अवस्थी, सुरेंद्र कौशिक, प्रिंस साहू, अनुजय पाठक, देवेश चतुर्वेदी, पुष्पेंद्र साहू, हिमांशु अग्रवाल, सुमित कौशिक, मोनू रावत, दुर्गेश द्विवेदी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

***तबीयत बिगड़ी तो मिला गुरु जी का आशीर्वाद***

केदारनाथ धाम साइकिल से पहुंचने के दौरान दीपेंद्र का स्वास्थ्य बिगड़ने लगा तभी उसने अपने गुरुजी पूज्य संत गोरीलाल कुंज श्री धाम वृन्दावन के महंत किशोरदास महाराज से वीडियो कॉलिंग कर अपनी व्यथा बताई तभी महाराज श्री ने उसका हौसला बढ़ाया और आशीर्वाद दिया कि वह अपने लक्ष्य में सफल होगा। गुरुजी का आशीर्वाद मिलने से वह और शक्ति के साथ आगे बढ़ा। परिणाम शुरू उसने अपना लक्ष्य हासिल कर लिया।

# तेज रफ्तार दो मोटरसाइकलों की आमने सामने हुई भिड़ंत,एक मौत तीन घायल

## मृतक की पत्नी की हालत गम्भीर जिला अस्पताल रैफर




परिहार गर्जना न्यूज। घुवारा//शुक्रवार की शाम करीब 6 बजे सोरखी रोड़ चरवाखेरा के पास तेज रफ्तार दो मोटरसाइकलों में आमने सामने से भिड़ंत हो गई है जिसमे एक की मौत हो गई है और तीन लोग घायल है।

आपको बता दे शुक्रवार शाम मृतक कन्हैयालाल प्रजापति निवासी ग्राम सोरखी अपनी पत्नी के साथ निजी बजाज डिस्कवर मोटरसाइकल से घुवारा से अपने गांव जा रहा था चरवाखेरा के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बजाज पल्सर से राज बुंदेला निवासी कुड़ेला आ रहा और लापरवाही के चलते सामने से एक दूसरे से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बजाज डिस्कवर के परखच्चे उड़ गए और उसका चालक हलकाई प्रजापति एवं उसकी पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गया। जैसे स्थानीय पुलिस को जानकारी लगी तो तत्काल पुलिस मौके पर पहुची और गम्भीर घायलों को अपने शासकीय वाहन से उठा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुवारा पहुचाया गया जहा डॉक्टरों ने घायल कन्हैयालाल प्रजापति को मृत घोषित कर दिया और उसकी पत्नी की हालत गम्भीर देख जिला अस्पताल टीकमगढ़ रैफर कर दिया।

# गौपूजन एवं पौधारोपण कर संत समाज की मौजूदगी में हुआ धनुषधारी गौशाला का शुभारंभ



छतरपुर। शहर के संकट मोचन मंदिर परिसर में तैयार की गई धनुषधारी गौशाला का शनिवार को संत समाज और समाजसेवियों की मौजूदगी में गौ पूजन और पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित कर शुभारंभ किया गया। उपस्थित लोगों ने संकट मोचन मंदिर में माथा टेककर अच्छी बारिश की कामना भी ईश्वर से की है।

आयोजन समिति की ओर से राजेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि संकट मोचन मंदिर परिसर में धनुषधारी गौशाला का निर्माण किया गया है, जिसमें शहर के आवारा गौवंश को रखकर उनकी सेवा की जाएगी। श्री अग्रवाल ने बताया कि पिछले दिनों गौशाला के निर्माण का भूमिपूजन विश्वविख्यात संत बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने रखी थी। उन्होंने बताया कि आज निर्माण स्थल पर गौवंश का पूजन किया गया और इसके साथ ही 5 सैकड़ा पौधे रोपे गए हैं। जानराय टौरिया के महंत भगवानदास श्रृंगारी महाराज ने शहरवासियों को संदेश देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी है, ऐसे में हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि पौधरोपण करे और उनकी देखभाल करे। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में गौ माता को पूज्यनीय माना गया है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर में कम से कम एक गाय को रखकर उसकी सेवा अवश्य करनी चाहिए। इस मौके पर नगर पालिका सीएमओ माधुरी शर्मा, सिटी कोतवाली टीआई अरविंद कुजूर, सिविल लाइन टीआई वाल्मीकि चौबे, शिवसेना के जिला प्रमुख मुन्ना तिवारी, राकेश तिवारी, वार्ड पार्षद सुशील सोनी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# अज्ञातवास में हनुमत उपासना रहस्यम दर्शन पुस्तक का लेखन कर वापिस आये पं.धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री

## बागेश्वर धाम में लगाया दिव्य दरबार

छतरपुर। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री बद्रीनाथ की कथा के बाद पांच दिन के लिए अज्ञातवास में चले गए थे। इस अज्ञातवास में हनुमान जी की उपासना कैसे करें और हनुमान जी की कृपा कैसे प्राप्त हो इस विषय पर पुस्तक लेखन किया। पांच दिवसीय अज्ञातवास के बाद महाराजश्री बागेश्वर धाम वापस आ गए। यहां आते ही शनिवार को दिव्य दरबार लगाया और लोगों की बाधाओं को समाप्त करने के उपाय बताए। वहीं बुरी शक्तियों से पीड़ित लोगों को प्रेतराज दरबार के माध्यम से हटाने का काम किया।

जानकारी के मुताबिक बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री पांच दिनों के लिए अज्ञातवास में चले गए थे। चूंकि बागेश्वर धाम देश, दुनिया में आस्था का केन्द्र बना है यहां आने वाले लोगों की बाधाएं बालाजी की कृपा से दूर होती हैं। महाराज जी के धाम में रहने के दौरान लाखों की तादाद में लोग अपनी पीड़ा का समाधान कराने यहां आते हैं। ऐसी स्थिति में महाराजश्री अन्य कार्यों को नहीं कर पाते, इसलिए वे पांच दिन के लिए अज्ञातवास में चले गए थे जहां उन्होंने हनुमत उपासना रहस्यम् दर्शन नामक पुस्तक का लेखन किया। हनुमान जी की उपासना और उनकी कृपा प्राप्त करने के रहस्य को पुस्तक में समाहित किया गया है। जल्द ही यह पुस्तक लोगों तक पहुंचेगी। पुस्तक लेखन का कार्य पूर्ण होते ही वे बागेश्वर धाम आ गए। यहां उन्होंने दिव्य दरबार लगाया और प्रेतराज दरबार के माध्यम से नकारात्मक ऊर्जा से लोगों को निजात दिलाई।

## हाट बाजार में लगने वाली मांस-मछली की दुकानों को जल्द ही बाहर शिफ्ट कराया जायेगाः सीएमओ

छतरपुर। हाट-बाजार में लगने वाली मांस-मछली की दुकानों पर प्रतिबंध लगाने के प्रयास निरंतर जारी हैं, इन दुकानों के लिए शहर



से बाहर स्थान निर्धारित किए गए जहां जल्द ही इन दुकानों को शिफ्ट कराया जाएगा, यह बात छतरपुर नगर पालिका की मुख्य नगर पालिका अधिकारी माधुरी शर्मा ने कही है।

उन्होंने बताया कि हाट-बाजार में लगने वाली मांस-मछली की दुकानों के लिए अलग से स्थान चिन्हित किए गए हैं जल्द ही सभी दुकानों को वहां शिफ्ट कराने की कार्रवाई होगी। इसके बाद भी जो दुकानदार नहीं मानेंगे उन पर नगर पालिका द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि प्रत्येक शनिवार को शहर के संकट मोचन मंदिर के पास साप्ताहिक हाट-बाजार लगता है जिसमें मांस-मछली की दुकानें भी लगती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पवित्र स्थल के समीप मांस-मछली की दुकानें लगने से उनकी भावनाएं आहत हो रही हैं। सीएमओ ने उक्त लोगों को आश्वासन दिया है कि एक माह के भीतर यहां लगने वाली मांस-मछली की दुकानों को स्थानांतरित किया जाएगा।

**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार सह संपादक, दद्दा ललौनी, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321